वर्ष- 02 अंक- 137

छपरा

7 अप्रैल, सोमवार 2025

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## मोदी की तमिलनाडु को 8300 करोड़ की सौगात

# श्रीराम का जीवन राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधारःप्रधानमंत्री मोदी

**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी ने 8300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है।

उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज दोगुना किया है। इतनी तेज ग्रोथ का एक बड़ा कारण हमारा शानदार मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। बीते 10 वर्षों में हमने रेल, रोड, एयरपोर्ट, पानी, पोर्ट, बिजली, गैस पाइप लाइन... ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का



बजट करीब 6 गुना बढ़ाया है।

**देश में बहुत तेजी से बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम हो रहा** :पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में बहुत तेजी से बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम हो रहा है। आप उत्तर में देखेंगे तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक चिनाब ब्रिज बना है। पश्चिम में जाएंगे तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज अटल सेतु बना है। पूर्व में जाएंगे तो असम के बोगीबील ब्रिज के दर्शन होंगे। दक्षिण में आते हैं तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक पंबन ब्रिज का निर्माण पूरा हुआ है।

**विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल** :पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। बीते दशक में तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। इसके बावजूद भी कुछ लोगों को बिना कारण रोते रहने की आदत है, वो रोते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेल प्रोजेक्ट के लिए हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये ही मिलते थे। इस वर्ष तमिलनाडु का रेल बजट 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है और भारत सरकार यहां के 77 रेलवे स्टेशन को मॉडर्न भी बना रही है। इसमें रामेश्वरम का रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

**दुनिया में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा** :प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है, लोग भारत को जानना चाहते हैं, भारत को समझना चाहते हैं। इसमें भारत के कल्चर का, हमारी सॉफ्ट पावर का भी बड़ा रोल है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा और भलाई सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

### हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि आज रामनवमी है, रामेश्वरम की पवित्र भूमि है, तो मेरे लिए कुछ भावुक पल भी है। आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के जिस लक्ष्य को लेकर हम चल रहे हैं, उसमें भाजपा के हर एक कार्यकर्ता का परिश्रम है। तीन-तीन, चार-चार पीढ़ियां मां भारती के जय जयकार के लिए खप गई हैं। मेरे लिए गर्व की बात है कि भाजपा के उस विचार ने, भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम ने आज हमें देश की सेवा का अवसर दिया है। आज देश के लोग भाजपा सरकारों का गुड गर्वनेंस देख रहे हैं, राष्ट्रहित में लिए जा रहे निर्णय देख रहे हैं और हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा हो रहा है।



## अभिजीत मुहूर्त में ललाट पर 4 मिनट पड़ी किरणें, अयोध्या में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु मौजूद रहे

**अयोध्या,एजेंसी।** रामनवमी पर अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म के बाद उनका अभिषेक किया गया। दोपहर करीब 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य अभिषेक हुआ। करीब 4 मिनट रामलला के मस्तक पर सूर्य किरणें पड़ीं।

सूर्य तिलक के बाद रामलला की आरती की गई। सूर्य तिलक से पहले कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद किए गए थे और गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई।रामलला के सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के पाइप से सिस्टम बनाया गया है। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भ गृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।

अब तक 5 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम मंदिर के बाहर एक किमी की लाइन लगी है। इससे पहले, सुबह 9.30 बजे रामलला को पंचामृत से स्नान कराके श्रृंगार किया गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर हाउसफुल जैसे हालात हैं। गर्मी को देखते हुए राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और राम जन्मभूमि पथ पर श्रद्धालुओं के लिए रेड कारपेट बिछवाई गई। ड्रोन से श्रद्धालुओं पर सरयू जल छिड़का जा रहा है। जगह-जगह शेड बनवाए गए हैं।

### हरियाणा में रामनवमी पर आतंकी हमले का दावा

**खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा ने लिखा- चौकी पर ग्रेनेड अटैक किया; पुलिस ने नकारा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादियों ने रविवार को रामनवमी के दिन सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर दावा किया है कि उन्होंने हरियाणा की पुलिस चौकी में ग्रेनेड अटैक करवाया है। पोस्ट में बताया गया है कि वह चौकी हरियाणा के जीनगढ़ में है। इसका एक वीडियो भी जारी किया है। हालांकि, इस कथित जगह और ब्लास्ट की कहीं से कोई पुष्टि नहीं हुई है।

सुबह कैथल जिले की अजीमगढ़ पुलिस चौकी में ब्लास्ट की अफवाह फैली। घटना की सूचना मिलते ही पटियाला से स्क योगेश शर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। कैथल पुलिस के उच्च अधिकारियों ने भी चौकी का निरीक्षण किया। हालांकि, वहां कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

अजीमगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी दलबीर सिंह ने कहा कि यहां कोई ग्रेनेड हमला नहीं हुआ। क्षेत्र में पूरी तरह शांति है। सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाई जा रही हैं।

### कुपवाड़ा में दो संदिग्धों को पकड़ा गया, आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**श्रीनगर,एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आपत्तिजनक सामग्री के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि एसओजी क्रालपोरा, 3 एनएजीए और सीआरपीएफ 98 बीएन के समन्वय में पुलिस स्टेशन क्रालपोरा द्वारा खज़ान माटी क्रालपोरा में एक संयुक्त नाका स्थापित किया गया था। नाके पर नियमित जांच के दौरान बस स्टैंड क्रालपोरा से त्रेहगाम की ओर पैदल जा रहे दो व्यक्तियों को संदिग्ध व्यवहार करते देखा गया।पुलिस प्रवक्ता ने आगे बताया कि सुरक्षाबलों की मौजूदगी को देखते ही दोनों व्यक्तियों ने मौके से भागने का प्रयास किया। हालांकि सतर्क नाका पार्टी द्वारा त्वरित और चतुराईपूर्ण प्रतिक्रिया के कारण दोनों संदिग्धों को मौके पर ही सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान व्यक्तियों ने अपनी पहचान इम्तियाज अहमद नज़र, पुत्र गुलाम हसन नज़र और मुनीर अहमद शेख, पुत्र गुलाम मोहि-उद-दीन शेख के रूप में बताई। उन्होंने बताया कि व्यक्तियों की व्यक्तिगत तलाशी लेने पर भड़काऊ और राष्ट्र विरोधी सामग्री वाले कुछ पाकिस्तानी पोस्टर बरामद हुए साथ ही दो मोबाइल फोन रेडमी नोट 7 प्रो और रेडमी 9 प्रो और एक सैमसंग गैलेक्सी-14 भी बरामद हुआ।

**भाजपा का 46 वां स्थापना दिवसः**

## नड्डा बोले- भाजपा जो कहती है वो करती है, कामयाबी के साथ अतीत को भी याद रखना होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस बना रही है। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा का झंडा फहराया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा- सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा। हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है। उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

**नड्डा ने आगे कहा-** हमने राममंदिर बनाने का वादा किया तो पूरा किया। धारा 370 खत्म करने का वादा किया तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है वो करती है। यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में बार-बार जनता का विश्वास हम पर बना



हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है। दरअसल, भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर भाजपा के सभी राज्य मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा के नेता जगह-जगह पार्टी का झंडा फहरा रहे हैं। साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है।

**तीन तलाक को समाप्त करना ऐतिहासिक कदम** - हमने हमेशा राष्ट्र को हर चीज से ऊपर रखा है, किसी व्यक्ति या विशेष हितों के पक्ष में काम नहीं किया है। शाहबानो मामले में राजीव गांधी सरकार मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों के दबाव में आकर तुष्टीकरण की राजनीति में फंस गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने तीन तलाक को समाप्त करके ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे मुस्लिम महिलाओं को सशक्त और स्वतंत्र बनाया गया।

भाजपा का कोई संस्थापक सदस्य मिले, तो कृपया उसके घर जाएं- हम एक जन-आधारित पार्टी हैं। मैं अपनी पार्टी के लोगों से अनुरोध करता हूं कि जब आप किसी भी बूथ पर जाएं और आपको जनसंघ का कोई सदस्य या भाजपा का कोई संस्थापक सदस्य मिले, तो कृपया उसके घर जाएं।

**राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून**

## लागू होने की तारीख केंद्र तय करेगा; मुस्लिम संगठनों का विरोध, सुप्रीम कोर्ट में मामला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वक्फ बिल 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। दोनों सदनों में 12-12 घंटे की चर्चा हुई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर शाम मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) पर 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ‹ढ्ढरूढ्ढरू सांसद असदुद्दीन ओवैसी और ‹क्क विधायक अमानतुल्लाह खान ने अलग-अलग याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि वक्फ संशोधन एक्ट मुस्लिम



कम्युनिटी के साथ भेदभाव करता है। यह एक्ट मुसलमानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी करता है।इस पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। इस बिल (अब कानून) को राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने इसका विरोध किया।वहीं लोकसभा में देर रात 2 अप्रैल को पारित हुआ था। इस दौरान 288 सांसदों ने समर्थन में और 232 ने विरोध में वोट डाला था।

### कर्नाटक हाईकोर्ट बोला- देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

**संविधान निर्माता भी इसके हक में थे; राज्य और केंद्र से की कानून बनाने की अपील**

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शनिवार को कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं। यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव



कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता हैं।

**मुस्लिम और हिंदू पर्सनल लॉ में अंतर पर जताई चिंता :** कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बिहार दौरा आज, बिहार कांग्रेस प्रभारी पहुंचे पटना

**● बेगूसराय में 'पलायन रोको-नौकरी दो' पदयात्रा और पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में लेंगे भाग**

**पटना,एजेंसी।** बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु आज सुबह पटना पहुंचे। अल्लावरु लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 7 अप्रैल यानी कल से शुरू होने वाले बिहार के दौरे को लेकर यहां आये हैं। राहुल गांधी बेगूसराय में नौकरी दो पलायन रोको यात्रा और बाद पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके



अलावा वे पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।

पटना एयरपोर्ट पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।प्रभारी ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 7 अप्रैल को बिहार के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। अल्लावरु ने कहा कि कल राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी सुबह पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे चार्टर हेलीकॉप्टर से बेगूसराय के लिए रवाना होंगे। बेगूसराय में वे युवा कांग्रेस के अभियान 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा में भाग लेंगे और इसे संबोधित करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी पटना लौटेंगे और श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में वे संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने को लेकर अपनी बात रखेंगे।

## शाह बोले- खाद्यान्न उत्पादन में इफको की भूमिका सराहनीय, भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की

**गांधीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने खाद्यान्न उत्पादन में इफको की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इफको ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने बताया कि इफको ने रासायनिक उर्वरकों से नैनो और जैव उर्वरकों की ओर कदम बढ़ाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने रविवार को गांधीनगर में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) की कलोल इकाई के स्वर्ण जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इफको के बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस दौरान शाह ने कहा, चाहे किसानों की मदद करने की बात



हो, अनुसंधान, विकास, विपणन, ब्रांडिंग और हर घर तक पहुंचने की बात हो, इसको ने ऐसी दक्षता दिखाई है कि कोई बी कॉर्पोरेट कंपनी शर्मिंदा हो जाएगी।

**अगले 50 सालों में पर्यावरण को बचाने का काम करेगा इफको** :अमित शाह ने आगे कहा कि इफको के 50 साल कृषि, अनाज उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित रहे हैं। इसके अलावा, अगले 50 सालों में इफको मौजूदा उद्देश्यों को बकरार रखते हुए कृषि को आधुनिक और उत्पादक बनाने के साथ ही भूमि को संरक्षित करने और पर्यावरण को बचाने के लिए काम करेगा।

**इफको गठन के समय थोक उर्वरकों पर था ध्यान** :शाह ने यह भी कहा कि अगर आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है, तो इसका श्रेय इफको को जाता है। उन्होंने बताया कि जब इफको का गठन हुआ था, तब हमारा ध्यान थोक उर्वरकों पर था। लेकिन, आज हमारा ध्यान लक्षित और नियंत्रित रिलीज पर है, ताकि मिट्टी को बिना नुकसान के पोषक तत्व मिल सकें।

### अमृतसर में आईएसआई का एजेंट हथियारों समेत गिरफ्तार

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक एजेंट को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से नकदी भी बरामद की गई है।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को इस बारे में बताया कि आरोपी के पास से एक ग्लॉक (9 एमएम पिस्तौल), एक .30 कैलिबर पिस्तौल, 3 मैगजीन और दो लाख 15 हजार 500 रुपये की नकली करेंसी बरामद की है। आरोपी की पहचान अमृतसर देहात क्षेत्र निवासी जरमन सिंह के रूप में हुई है। डीजीपी ने बताया कि आरोपी पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था।



## केरल-आंध्र समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार

**गुजरात, राजस्थान और हिमाचल में लू की चेतावनी; मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में गर्मी बढ़ेगी**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में मौसम करवट लेगा। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक राजस्थान, गुजरात में लू का असर बना रहेगा। साथ ही मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब समेत 6 राज्यों के कुछ हिस्सों में भी गर्मी बढ़ेगी।वहीं केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, असम और मेघालय समेत 8 राज्यों में बारिश और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। इन इलाकों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी आ सकती है और बिजली गिरने की भी संभावना है। इधर, राजस्थान में गर्मी तेज होनी शुरू हो गई है। बाड़मेर जिले में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। अगले 3-4 दिनों में पारा 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मध्यप्रदेश में भी राजस्थान से जुड़े जिलों में कल से लू चलेगी। राज्य में कल से हीटवेव का अलर्ट है।

### अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम ?

7-8 अप्रैल तक केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं। वहीं पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, और पंजाब के कुछ हिस्सों में 9 अप्रैल तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। 8 अप्रैल से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश और तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि की संभावना है।

## शिक्षकों के फ्रेंडली मैच से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

- खेल के माध्यम से नामांकन वृद्धि व ड्रॉपआउट दर में कमी लाने की पहल
- बच्चों को विद्यालय से जोड़ने की मुहिम में क्रिकेट बना माध्यम

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, शिक्षा के महत्व को आमजन तक पहुँचाने, नामांकन को प्रोत्साहित करने व ड्रॉपआउट दर को कम करने के उद्देश्य से सारण गुरु लर्निंग लीग के अंतर्गत एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन खेल के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।मैच में जिले के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीम ए का नेतृत्व मृणाभ कुमार ने किया, जबकि टीम बी की कमान राजन राज ने संभाली। मैदान पर शिक्षकों की खेल भावना और ऊर्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीपीओ माध्यमिक अजीत अमर हरिजन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा और सबका ध्यान आकर्षित किया।जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन यह संदेश देते हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों और अभिभावकों का विद्यालय के प्रति जुड़ाव बढ़ता है, जिससे नामांकन दर में वृद्धि और ड्रॉपआउट दर में कमी लाई जा सकती है।इस अवसर पर डीपीओ माध्यमिक अजीत अमर हरिजन ने कहा कि खेल के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है, जो उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होता है। मैच के समापन पर दोनों टीमों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व दर्शकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहयोग करें।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर, मुन्ना कुमार, मृणाभ कुमार, सद्दाम हुसैन, रजनीश कुमार सिंह, राजन राज, अभिमन्यु कुमार, रितेश कुमार, श्याम कुमार रजक, अरविंद गिरी, वकार यूनुस सहित कई शिक्षाविद् व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मशरक के शास्त्री टोला में गेहूं की फसल में लगीं आग, फसल राख

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड -2 शास्त्री टोला में रविवार को गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते 10 कठ्ठा के खेतों में लगीं गेहूं की फसल जलाकर राख कर दिया।वार्ड पार्षद राजेश तिवारी ने बताया कि अचानक खेतों में आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते 10 कठ्ठा की बिनोद साह और सलीमन बीबी का गेहूं का फसल जलाकर राख कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

## कुंआ में डूबने से सात वर्षीय एक बालक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी थाना क्षेत्र के गोंढा गांव के समीप रविवार को कुंआ में डूबने से सात वर्षीय एक बालक की मौत हो गई। मृतक माँझी नगर पँचायत क्षेत्र के दुर्गापुर गाँव निवासी राजकिशोर राम का पुत्र राजन कुमार बताया जाता है। दुर्गापुर निवासी रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक राजन अपनी माँ रीना देवी के साथ दाउदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा स्थित अपने मामा के घर पैदल जा रहा था। इसी दौरान गोंढा गांव के समीप समतल स्थान पर कुएँ में फिसलकर गिर पड़ा और पलक झपकते ही डूब गया। बाद में उसकी माँ के शोर मचाए जाने के बाद जुटे ग्रामीणों ने गोताखोरों की सहायता से उसे बाहर निकाला। बाद में उसे माँझी सीएचसी लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुँची माँझी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। घटना के सम्बंध में पूछे जाने पर परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी माता के साथ अपने ननिहाल बंगरा जा रहा था। बताते हैं कि उसकी माता अपने बच्चों को लेकर गेहूँ की कटनी करने हेतु अपने मायके बंगरा जा रही थी। उधर मृतक का पिता एक पखवाड़े पूर्व पँजाब के लुधियाना में मजदूरी करने चला गया है। मृतक दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था।

## पूर्व के केस में परेशान महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छपरा (सारण)।** बनियापुर थाना क्षेत्र के धनगरहा गांव निवासी धनमातो देवी ने पुराने केस में फर्जी तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए सारण एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।धनमातो देवी ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति से उनके जमीन संबंधी विवाद के मामले में न्यायालय के अधिवक्ता वेदप्रकाश सिंह जांच के लिए गांव पहुंचे थे। इसी दौरान उनके द्वारा और दूसरे पक्ष के सहयोग से धनमातो देवी, विजय राम, महेंद्र कुमार राम, संतोष कुमार सिंह और जितेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, जबकि धनमातो देवी का कहना है कि ऐसी कोई घटना घटी ही नहीं थी।

दूसरी ओर अधिवक्ता वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि उनके साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया गया, जिसके चलते उन्होंने मामला दर्ज कराया।उन्होंने सारण एसपी से मामले की पुनः निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

## झोपड़ीनुमा मकान में लगी भीषण आग, संपति जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदनसाठ गांव में खाना बनाने के दौरान अचानक एक झोपड़ीनुमा मकान में लगी भीषण आग में हजारों रुपये मूल्य की सम्पति जलकर राख हो गई। आग लगने का असली कारण गैस सिलेंडर लीकेज बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मदनसाठ गांव निवासी श्रीराम सिंह की पत्नी अपने झोपड़ीनुमा मकान में रविवार की सुबह करीब दस बजे खाना बना रही थी, तभी गैस सिलेंडर से अचानक निकली तेज लपटें निकली और देखते हीं देखते झोपडी को अपने चपेट में ले लिया। उसके बाद चिल्लाते हुए परिजन घर छोड़कर भागे। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच ग्रामीणों ने दाउदपुर थाना पुलिस को सूचित कर घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी तथा स्थानीय लोगों के घण्टो मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया। तब तक घर में रखें सारा सामान जल कर नष्ट हो चुके थे। पीड़ित श्रीराम सिंह ने बताया कि अगलगी में झोपड़ी समेत करीब पांच क्विंटल सरसों, एक बोरी अरहर दाल, ढाई क्विंटल गेहूं, वस्त्र, बर्तन, बिछावन समेत अन्य खाद्य सामग्री जलकर खाक हो गए। पंचायत के उप मुखिया रमाकांत सिंह एवं रिंकू सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मांझी सीओ एवं राजस्व कर्मचारी को दे दी गई है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण सांसद ने सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में दिया व्याख्यान

## राजनीतिक नेतृत्व और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद ही सुशासन की आधारशिला : रूडी

- 77वीं आरआर बैच के आईपीएस प्रोबेशनर्स को 'पुलिस-राजनीतिज्ञ इंटरफेस', 'पारदर्शी शासन' और 'सामुदायिक पुलिसिंग' विषयों पर संबोधन
- भूटान, नेपाल, मालदीव के 16 विदेशी अधिकारी समेत
- प्रशिक्षण सत्र में कुल 217 अधिकारी प्रशिक्षु थे शामिल



**दैनिक खोज खबर/छपरा /हैदराबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में रविवार को 77वीं रेगुलर रिक्रूट बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रोबेशनर्स को उनके बेसिक कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 217 अधिकारी प्रशिक्षु शामिल थे, जिनमें भूटान, नेपाल और मालदीव के 16 विदेशी अधिकारी भी थे। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी ने 'पुलिस-राजनीतिज्ञ इंटरफेस, पारदर्शी शासन और सामुदायिक पुलिसिंग' जैसे विषयों पर अपने गहन विचार और अनुभव साझा किए।श्री रूडी ने अपने संबोधन की शुरुआत यह कहते हुए की कि प्रशासन और राजनीति एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासन के बीच सहयोग की भावना ही सुशासन को संभव बनाती है। एक जनप्रतिनिधि की दृष्टि और एक अधिकारी की कार्यकुशलता मिलकर ही देश को आगे ले जा सकती है।

उन्होंने कहा कि राज्य के स्तर पर शासन की असली पहचान जिलों में तैनात अधिकारियों से बनती है। जनता के लिए एसडीओ, एसपी और डीएम ही सरकार के प्रतिनिधि होते हैं, और उनकी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं संवाद ही लोकतंत्र को मजबूत करता है।मैं जब सांसद के रूप में जनता से मिलता हूँ तो वे अक्सर अधिकारियों के कार्यशैली की बात करते हैं। इसीलिए मैं मानता हूँ कि एक युवा आईपीएस अधिकारी की संवेदनशीलता, उसकी भाषा, उसके निर्णय और जनता से उसका रिश्ता ही सरकार की साख तय करता है, उन्होंने कहा। श्री रूडी ने अधिकारियों को सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि, आज सूचना के प्रवाह का युग है। अफवाह और विश्वास के बीच की दूरी को केवल पारदर्शिता और त्वरित संवाद ही पाट सकते हैं। आपके एक ट्वीट या बयान से सरकार की सोच झलकती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन में रहते हुए नीतियों का कठोर क्रियान्वयन आवश्यक है, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण कभी नहीं छूटना चाहिए। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रोबेशनर अधिकारियों ने श्री रूडी से अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने अपने राजनीतिक एवं प्रशासनिक अनुभवों के आधार पर सहजता से उत्तर दिया। इस अवसर पर पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही।

## शिव प्रसाद हरदेव चन्द्रदेव स्मृति सेवा न्यास का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के बिशनपुरा स्थित शिव प्रसाद हरदेव चंद्रदेव स्मृति सेवा न्यास का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया।न्यास के सम्मानित अध्यक्ष ललन पांडेय पूर्व प्रधानाध्यापक के शताब्दी पूर्व दीर्घ आयु पूजन समारोह मे उन्हें सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उनके तैल चित्र को उन्हे भेंट देकर सम्मानित किया।मौके पर सांसद ने कहा कि ललन पांडेय जी जलालपुर क्षेत्र के वरिष्ठ सम्मानित शिक्षक रहे हैं। वे अपने सफल जीवन के 99 वर्ष में है।उनके शिष्य आज बड़े बडे ओहदे पर काबिज है। समाज के वे प्रेरक रहे हैं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखें व लंबी आयु दें। उनका आशीर्वाद सभी को मिलता रहे। श्री पांडेय के वर्तमान एवं शताब्दी परान्त स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन के लिए स्मृति सेवा न्यास विष्णुपूरा द्वारा क ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह मे स्मृति कक्ष में पूर्वजों का पूजन एवं आरती किया गया। तत्पश्चात सनातन ब्रह्म मंडली द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया।न्यास के पूरक विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना।विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य संगीत का सुन्दर प्रदर्शन किया गया। सांसद ने उत्कृष्ट बच्चो को पुरस्कृत किया।वही सुबह से दोपहर बाद तक अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक द्वारा सैकड़ो रोगियों के आंखों का निशुल्क जांच किया गया और दवाएं तथा चश्मे दिए गए।देर संध्या मे जिले के दो चर्चित गायको के बीच हजारों लोगों की उपस्थिति में चईता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक मणीन्द्र कुमार पांडेय ने किया मौके पर उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय, सचिव पूर्व वी सी जनक पांडेय, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय,सदस्य बबन पांडेय, राज किशोर पांडेय, जनार्दन पांडेय, संस्थापक न्यासी श्रीमती उर्मिला पांडेय, भाजपा नेता अमरजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी वरिष्ठ नेता उमेश तिवारी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सैदपुर में घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, बिके दो हजार मिट्टी के घोड़े

### मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु चढ़ाते है मिट्टी के बने घोड़े, लोग मन्नत पूर्ण होने को लेकर लूटते हैं घोड़े

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सैदपुर गांव के सहनी गंगा घाट स्थित बर के पेड़ के नीचे बाबा अमरनाथ मंदिर प्रांगण में चैत नवमी एवं दशमी को लगने वाला घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला में रविवार को श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचे और मन्नत पूर्ण होने के बाद घोड़ा चढ़ाया तथा जिन्हे मन्नत पूर्ण होने के लिए श्रद्धालु घोड़ा लुटा। रविवार को सुबह में पूजा स्थल पर भगत ने हवन के साथ पूजा प्रारंभ किया। उसके बाद चावल और दूध का खीर बनाकर अमरनाथ बाबा को चढ़ाया । फिर दूर-दराज से आये श्रद्धालु जिनकी मन्नत पूर्ण हुई थी वे मेले से दो (एक जोड़ा) मिट्टी के घोड़े खरीदे और अमरनाथ बाबा पर चढ़ाया। फिर मन मे अपनी मन्नत लिए खड़े भक्तगण उस चढ़ाये गए घोड़े में से घोड़ा को लुटे और छिपाकर अपने-अपने घर ले गए। ऐसी मान्यता है कि इस लुटे गए घोड़े को लाल कपड़ा में लपेट कर अपने घर के किसी सुरक्षित स्थान पर रख देने से मांगी गई मन्त्रते पूर्ण होती है। फिर मन्नते पूर्ण होने पर वैसे ही मिट्टी के बने दो घोड़े चढ़ाने पड़ते है। पूजा कमिटी के सदस्य ने बताया कि मेले में 2000 से अधिक लगभग 2500 मिट्टी के घोड़े की बिक्री हुई है।

**आदिकाल से अमरनाथ बाबा की होती है पूजा,घोड़ा लुटाने के पीछे ये है मन्याता** :ऐसी मान्यता है कि यहां अमरनाथ बाबा की पूजा होती है। पूजा की परंपरा आदिकाल से है। अमरनाथ बाबा मल्लाह जाति के लोगों के एक देवता हैं। इसीलिए उन्हीं के पूर्वजों ने यहां पूजा की परंपरा प्रारम्भ की है। ऐसा कहा जाता है कि अमरनाथ बाबा की यहां समाधि है। एक बार अमरनाथ बाबा इसी स्थान पर युद्ध में पराजित होकर मारे गये थे। तो मरते समय मल्लाह जाति के लोगों ने उनकी अंतिम इच्छा पूछी तो उन्होंने कहा था कि प्रत्येक चैत नवमी एवं दशमी को यहां पूजा किया जाय ऐसा जो करेगा उसकी मनोकामना पूर्ण होगी। तब से यहां पूजा की परंपरा चल रही। बाबा के समाधि के साथ उनके घोड़े का भी मूर्ति बना है। बावा को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु उन्हीं की घोड़े के जैसा मिट्टी के दो घोड़े चढ़ाते हैं। जिससे अमरनाथ बाबा प्रसन्न हो जाते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।ऐसी मन्यता है कि इस मेले से लुटे गए घोड़े को लाल कपड़ा में लपेट कर अपने घर के किसी सुरक्षित स्थान पर रख देने से मांगी गई मन्नते पूर्ण होती है। फिर मन्नतें पूर्ण होने पर वैसे ही मिट्टी के बने घोड़े यहां दशमी के आकर श्रद्धालु चढ़ाते है और पूजा अर्चना करते है। सारण जिला सहित वैशाली,गोपालगंज, सिवान एवम मुजफ्फरपुर जिले से भी श्रद्धालु यहां आते है। जो घोड़ा लूटते है और मन्नते पूरी होने पर घोड़ा चढ़ाते है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ मौजूद थे। इस स्थल पर चैता कार्यक्रम होती है जिसमे एक से बढ़कर एक व्यास यहां आकर चैता गाते है। चैता गीत सुनकर सैकड़ो लोग गीत संगीत का आनंद उठाते है।

## बारह बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**परसा (सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने परसा बाजार स्थित शिवमन्दिर के समीप से एक चारपहिया वाहन से बारह बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि परसा शिवमन्दिर के समीप एक एक्सयूवी वाहन से 12 बोतल किंग फिशर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया ।साथ ही कारोबारी केरल अंतर्गत आलकोट थाना क्षेत्र निवासी कृष्णा वीके के पुत्र शनील बीके व केरला कातूर जिले के जोनी टी का पुत्र माटीन टी, व मुजफ्फरपुर जिले के जलालपुर कथैया निवासी रामनाथ रजक का पुत्र विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब बरामद किए जाने पर एक्स यू वी वाहन को जप्त किया गया है ।वहीं तीनों गिरफ्तार कारोबारी को जेल भेज दिया जाएगा।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में मांझी जीता



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी नगर पँचायत क्षेत्र के हरनारायण छपरा क्रिकेट के मैदान में यादव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शनिवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच मांझी बनाम गुर्दाहा के बीच खेला गया। फाइनल मैच का विधिवत उदघाटन माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट दुनिया का सबसे रोमांचक खेल बन गया है। खेल में मेहनत और लगन हो तो खिलाड़ियों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की ललक होनी चाहिए। मैच में गुर्दाहा की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 64 रन बना कर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी माँझी की टीम ने 9 ओवर में 65 रन बना कर अपना लक्षय पूरा कर लिया। इस तरह माँझी की टीम को विजयी घोषित किया गया। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार माँझी टीम के बुलेट को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज में रेंजर साईकिल और मैन ऑफ द मैच में स्टैंड फैन से विजेता को पुरस्कृत किया गया। विजेता एवम उपविजेता टीम को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार राय उर्फ बिटटू राय द्वारा कप देकर सम्मानित किया गया। वही विजेता टीम को 5000 नकद राशि से भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर कृष्णा यादव,मन्नु यादव,बिक्की यादव,नन्दू यादव,निरंजन यादव,नीतीश ओझा,नागेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी आदि मौजूद थे। मैच का कमेंट्री संजय कुमार यादव ने किया।

# पार्टी स्थापना दिवस पर सोनपुर में खुला बीजेपी का कार्यालय



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रामनवमी पर्व एवं भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस पर रजिस्ट्री बाजार सोनपुर मे भाजपा कार्यालय का उदघाटन फीता काटकर प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह सोनपुर के पूर्व विधायक बिनय कुमार सिंह द्वारा किया गया ।उसके उपरांत डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर सभी कार्यकर्त्ता के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । पार्टी के स्थापना दिवस और सोनपुर में पार्टी के कार्यालय के उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक बिनय कुमार सिंह ने कहा की आज पुरे राष्ट्र मे पार्टी के कार्यकर्त्ता पार्टी के स्थापना दिवस मना रहे है, इसी दिन 6अप्रैल 1980 के भारतीय जनता पार्टी का स्थापना हुआ था. इसी स्थापना दिवस के अवसर पर सोनपुर में भाजपा कार्यालय का उदघाटन भी किया गया जो सोनपुर विधानसभा का मुख्य केंद्र है ।इसलिए यहाँ कार्यालय खोलना जरुरी था । इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह, अभय कुमार सिंह, हेमनारायण सिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु,कृष्णा राम, राजीव कुमार सिंह, आदित्य कुमार छोटु,दीपक शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल हुये ।

## बनिया हसनपुर में घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला शांतिपूर्ण संपन्न



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के हसनपुर बनिया गांव में चैत महीने में नवमी को प्रतिवर्ष लगने वाला घोड़ा लुटावन पुत्र पावन मेला रविवार की शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मेला की सुरक्षा व विधि व्यवस्था में तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ गश्ती करते हुए दिखे। मेला में सारण जिले के साथ-साथ आसपास के जिले के मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान के सैकड़ों श्रद्धालु मन में आस्था लिए पहुंचे हुए थे। इस जगह पर अमरनाथ बाबा का एक छोटी-सी मंदिर है और यहां की मान्यता है कि निःसन्तान दंपती सन्तान प्राप्ति के लिए यहां आकर मन्नत मांगती हैं और मिट्टी के बने घोड़े लुटती हैं। और जब उनकी मन्नत पूर्ण हो जाती हैं तो वे दंपती सन्तान प्राप्ति के पश्चात मिट्टी के बने जोरे घोड़े को अमरनाथ बाबा के मंदिर में चढ़ाती हैं। अमरनाथ बाबा मंदिर के पुजारी मुसाफिर सहनी व नागेंद्र सहनी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु घोड़ा लूटते व लुटाते है। मौके पर मेला कमिटी के अध्यक्ष रामानंद सहनी, उपाध्यक्ष मुकेश सहनी, शुभम कुमार सहनी व राजन सहनी, सुरेश सहनी, प्रकाश सहनी, चंद्रदेव सहनी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रसूलपुर में दुगोला चैता पर झूमे श्रोता

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** लाकठ छपरा स्थित जरती माई के प्रांगण में रविवार को नवयुवक पूजा मंडली के तत्वावधान में आयोजित परंपरागत दुगोला चैता का आयोजन किया गया जिसमें बलिया (उत्तर प्रदेश) के लोकगायक कलाकार सुरेन्द्र सिंह और सीवान दारौन्दा के प्रभुनाथ तिवारी टीम के बीच शानदार मुकाबला हुआ जिसमें नर्तकियों के नृत्य के बीच भीषण गर्मी के बावजूद दिन भर सैकड़ों श्रोता झूमते रहे. चैता कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी व रिटायर्ड शिक्षक राजनाथ सिंह ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा तथा प्रेम को बढ़ावा मिलता है, लोगों के बीच आपसी तनाव में कमी आती है.इसी महीना में मर्यादा पुरूषोत्तम राम का जन्म हुआ था,चैता समाज की पुरानी परंपरा है यह हमारी संस्कृति की पहचान है यहां के युवाओं ने अपनी संस्कृति को बचाए रखा है,यह सराहनीय और अनुकरणीय है. लोकगायक प्रभुनाथ तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से शुरू किया तत्पश्चात ए राम कंठे सुरवा, ऐ रामा एही ठइयां, होई ना हमसे कटनिया आदि चैता गीत पर खुब झुमे श्रोता. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से वेद प्रकाश सिंह उर्फ भोला सिंह,नन्हकू सिंह, बिपीन सिंह, प्रह्लाद सिंह, सुमन सिंह,अनिल सिंह, अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह,धबाकी बाबा,कमलेश सिंह,पुन्नु सिंह,रामलोचन सिंह, अर्जुन सिंह,भीम सिंह गुडन सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## मशरक में जमीनी विवाद में मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा डीह टोला गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में 7 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बंगरा डीह टोला गांव निवासी एक पक्ष से कांति देवी, उषा देवी, तेरस देवी, किरण देवी, रजनी कुमारी और दूसरे पक्ष से संगीता देवी, रीना देवी हैं। घायलों का ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। घटना का विवाद जमीनी विवाद बताया गया।

## राम जन्मोत्सव के अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर के नव निर्माण हेतु विशेष पूजन सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखण्ड के महमदपुर में राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में मन्दिर के नव निर्माण हेतु प्रथम पूजन किया गया। जिसका संचालन आचार्य अनूप मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीतियों के साथ किया गया जिसका मुख्य यजमान विनय कुमार दूबे रहे। कार्यक्रम के समापन के बाद शोभा यात्रा भी निकाली गई तथा आस पास के सभी मंदिरों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुदामा तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय, सरपंच बिगन सिंह, राज कुमार दुबे, पश्चिम पट्टी मठाधीश शिवजी पांडेय, पूरब पट्टी मठाधीश श्री रमेश दास, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हसनैन अंसारी,सुरेश तिवारी,शामू ओझा, संजय तिवारी, प्रकाश तिवारी, बृज बिहारी गुप्ता, दीनदयाल उपाध्याय,अशोक तिवारी, प्रभुनाथ उपाध्याय, रामजी प्रसाद,तथा राजेश्वर तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मशरक महावीर चौक समेत अन्य इलाकों में निकला रामनवमी पर भव्य जुलूस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर, सिद्धिदात्री मंदिर परिसर में, थाना परिसर राम–जानकी शिव मंदिर और प्रखंड क्षेत्र के दुमदुमा शिव मंदिर, सोनौली राम–जानकी शिव मंदिर, सेमरी दुर्गा मंदिर, जजौली दुर्गा मंदिर, चरिहारा राम–जानकी मंदिर, बहुआरा मठ समेत अन्य गांवों के मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत के महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर से 251 किलो लड्डू का भोग लगा कर भव्य जुलूस निकाला गया। महावीर मंदिर में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, राकेश महंथ, नंदन बाबा समेत अन्य ने पूजा अर्चना की। मौके पर रामभक्तो ने महावीर मंदिर में जय श्री राम के उदघोष के साथ भव्य जूलूस सह शोभायात्रा निकाली गई। सोनौली गांव में भी गोढ़ना शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना की गयी। जहां सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू समेत अन्य ने जूलूस के लिए शर्बत की व्यवस्था की। रामनवमी जूलूस को लेकर डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगें रहें। जूलूस में भगवान राम, सीता समेत अन्य देवी–देवताओं की झांकी भी निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

## रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जय हनुमान जय श्री राम के लगाए नारे

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पोखरेड़ा देवी स्थान के निकट स्थित महावीर मंदिर से रविवार को रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह ने मंदिर में पूजा अर्चना की उसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त गाजे–बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पोखरेड़ा, बगही, गलिमापुर, चैनपुर, पिपरा, लौवां गांव का भ्रमण वापस मंदिर परिसर लौटे। इस दौरान भगवान श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था। इस बीच रामनवमी की जुलूस को देखते हुए तरैया सीओ पंकज कुमार सिंह, बीडीओं विभु विवेक, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह पूरे दलबल के साथ पूरी तरह से अलर्ट मोड में रामनवमी जुलूस के साथ–साथ चल रहे थे। अपर थानाध्यक्ष निरंजन कुमार के नेतृत्व में स्थानीय थाने की पुलिस विधि व्यवस्था संधारण में जुटी थी। रामनवमी जुलूस यात्रा में मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय, पूर्व मुखिया ब्रजकिशोर शर्मा, शिक्षक नेता रंजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा, कुणाल सिंह, राहुल सिंह, संजय सिंह सेंगर, समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु–भक्त शामिल थे।

## रामनवमी के अवसर पर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के हरखपुरा गांव स्थित जिला पार्षद हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह के आवास परिषद के बगल में स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दूरदर्शन गायक अनु लाल की मंडली टीम द्वारा संगीतमय सुंदर कांड पाठ का विधिवत उच्चारण किया गया। वही सुंदरकांड के पाठ संपन्न होने के बाद मंदिर में भोग प्रसाद लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर जिला पार्षद सदस्य हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, पिंटू सिंह, राणा सिंह, शिक्षक मुन्ना सिंह, अनिल राम, रौशन कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, आशीष कुमार उर्फ छोटू सिंह, सेमत अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर घंटी बाबा के दरबार में विधिवत पूजा-पाठ आयोजित



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के तरैया–मसरख एसएच–73 मुख्य सड़क के किनारे स्थित श्री संकट मोचन घंटी बाबा के दरबार रामबाग में रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर विधिवत पूजा–पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी मुन्ना बाबा द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व संकट मोचन हनुमान की विधिवत पूजा–अर्चना किया गया। वही पूजा–पाठ संपन्न होने के बाद मंदिर में भगवान को भोग लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, सारण विकास मंच के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, भृगुनाथ सिंह, श्रीकांत सिंह, नीलकमल सिंह, पिंटू सिंह, अनीश सिंह सेमत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के चकिया गांव स्थित देवी स्थान परिसर में आयोजित 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व युवतियां पिला वस्त्र धारण किए हुए शामिल हुई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकली जो कि पूरे गांव का परिभ्रमण करते हुए कोंध भगवानपुर स्थित मथुरा धाम पहुंची। जहां आचार्य व पंडितों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच गंडक नदी से पवित्र जलभरी की गई। पुन: कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का राम नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से तरैया प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, नीरज सिंह, विकाश कुमार सिंह, चंचल सिंह, रामनरेश सिंह, अमित कुमार, दरोगा राय, प्रहलाद राय, बलिंद्र सिंह, सरोज सिंह, सुरेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर सिंह, समेत अन्य लोग शामिल थे।

# मढ़ौरा में रामनवमी पर शोभा यात्रा के साथ निकली मनमोहक झांकियां

### भगवा झंडा से पटा शहर, जय श्री राम के नारे से गूंजता रहा नगर

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** रविवार को नगर में रामनवमी पर निकली शोभायात्रा से पूरे दिन धूम-धाम? रही। राम जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले रामनवमी को लोगों ने पूरे उल्लास के साथ मनाया। मढ़ौरा नगर के असोइयां वार्ड संख्या 03, शिल्हौड़ी सहित अन्य गांवों से शोभायात्रा निकली।रामनवमी पर युवा विकास समिति असोइयां से निकली शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा और स्थानीय लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा असोइयां गांव के ब्रह्म स्थान से निकलकर मढ़ौरा मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, अंबेडकर रोड होकर शिल्हौरी शिव मंदिर पहुंची। फिर मढ़ौरा मुख्य बाजार से वापस होकर गढ़देवी मंदिर पहुंची और यात्र संपन्न हो गई। शोभायात्रा में पीले और भगवा वस्त्र में शामिल सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु, युवा के साथ आकर्षक राम-लक्ष्मण, हनुमान व अन्य की झांकी आकर्षण के केंद्र में रहा। श्रद्धालुओं का झूमते नाचते और जय श्री राम के जयघोष से पूरा नगर गुंजित होता रहा।आयोजन समिति ने प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए सामाजिक सौहार्द के वातावरण में शोभायात्रा को संपन्न कराया। प्रशासन की ओर से शोभायात्रा की निगरानी के साथ पुलिस बल और प्रशासनिक टीम की टीम भी लगी थी। वहीं नगर के मेन रोड, स्टेशन रोड, अंबेडकर रोड समेत कई जगह लोगों ने शोभायात्रा में शामिल जत्था को शीतल पेय



और प्रसाद ग्रहण कराया। शोभायात्रा में नपं मुख्य पार्षद रूबी सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह, जिला पार्षद मीणा अरूण, महंत अम्बुज बाबा, ब्रज किशोर सिंह, संजय सिंह, डॉ. विजय कुमार, ललन जयसवाल, विष्णु गुप्ता, सुमन नट, युवराज भास्कर, महावीर सिंह, प्रमोद गुप्ता, मिथलेश सिंह, अरविन्द सिंह, मून्ना सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, टिंकू सिंह, रणधीर सिंह, सुजीत कुमार, दिपक कुमार, हरेन्द्र सिंह, विक्की गुप्ता, विवेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, संजय सिंह, अरविंद सिंह, रवि कुमार, रविंद्र कुमार बिहारी, राहुल गुप्ता, धर्मनाथ प्रसाद, राहुल सिंह, रोहित सिंह टिंकू, आदि शामिल थे।

## नवमीं के दिन विधिवत पूजा-अर्चना व हवन के साथ हुई पूर्णाहुति, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के शाहनेवाजपुर शिव मंदिर परिसर में चैत नवरात्र के नवें दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के दौरान पूजा पंडाल में महिलाओं व श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ पड़ी। पंडित अभय तिवारी ने मां सिद्धिदात्री की पूजन के दौरान कहा कि मां दुर्गा के नौवें स्वरूप की पूजा से महिलाओं को सुख-शांति व सौभाग्य की प्राप्ति होती है और इनके पूजा से नौ देवियां प्रसन्न होती हैं। नवमी के दिन सुबह से ही शिव मंदिर और पूजा पंडाल में स्थापित मां के दरबार में पूजा-अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चार गूंजने लगे थे। शाहनेवाजपुर शिव मंदिर के चारों ओर धूप और नैवेध की सुगंध से वातावरण स्वच्छ और भक्तिमय हो गया था। विधिवत पूजा अर्चना के बाद हवन की गई और विशेष आरती के दौरान भक्तों की बड़ी संख्या मां के दरबार में जुटी थी। चैत नवरात्र के इस अवसर पर पूजा अर्चना और दर्शन करने आने वाली महिलाएं, युवतियां और नवयुवक इस पवित्र समय को यादगार बनाने के लिए मातारानी के दरबार में एक सेल्फी ले रहे थे। पूजा कमिटी के अध्यक्ष काशीनाथ सिंह, सचिव वीरेन्द्र राय और कमला प्रसाद, रॉकी कुमार सिंह, विजय कुमार, पवन पटेल ने बताया कि चैत नवरात्र के पवित्र महीने में इस मंदिर परिसर में छह वर्षों से मातारानी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस साल भी पटना के प्रसिद्ध मूर्तिकारों द्वारा विशेष रूप से मूर्तियां बनवाकर यहां लाकर स्थापित की गई हैं। मंदिर में स्थापित मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश, कार्तिक और बसहा बैल पर सवार विशाल शंकर भगवान की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु-भक्त उपस्थित थे।

## राम घाट से भव्य आकर्षक व विशाल शोभायात्रा निकाली

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** रविवार को राम नवमी के पावन अवसर पर माँझी के प्रसिद्ध राम घाट से भव्य आकर्षक व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रामभक्त अंकित कुमार राणा के संयोजकत्व में निकली गई शोभायात्रा में सैकड़ों उत्साही युवकों की टोली डीजे व बैंड बाजा की धुन पर जय श्री राम का नारा लगाकर थिरक रही थी। रथ पर सवार भगवान श्रीराम की प्रतीकात्मक प्रतिमा तथा राम लक्ष्मण जानकी व हनुमान की शक्ल में सवार कलाकार आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। शोभायात्रा के मद्देनजर समूचा माँझी भगवा रंग के झंडों से पटा पड़ा था तथा जुलूस में शामिल युवक भगवा झण्डा एवम तिरँगा झंडा लहरा रहे थे।शोभायात्रा रामघाट से निकलकर माँझी चट्टी,बलिया मोड़ तथा फिर थाना बाजार,मियाँ पट्टी मोड़ होते हुए फतेहपुर पहुँची। इससे पहले रामघाट स्थित हनुमान गढ़ी मन्दिर परिसर में दर्जनों नेताओं व कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में शामिल युवकों के लिए माँझी चट्टी,बलियमोड,धनी छपरा,थाना बाजार तथा मेंहदीगंज आदि स्थानों पर शर्बत व लड्डू आदि की ब्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में भाजपा नेता मकेश्वर सिंह,हरिमोहन उर्फ गुड्डू सिंह,प्रो शिवाजी सिंह,नगर पँचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय,धर्मेन्द्र सिंह समाज,उमाशंकर ओझा रंजन शर्मा निशांत सिंह तथा नागेन्द्र ठाकुर समेत बड़ी संख्या में कई अन्य लोग मौजूद थे। उधर शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में जगह जगह पुलिस की तैनाती की गई थी तथा पुलिस पदाधिकारी लगातार गश्त कर रहे थे।

## कुंवारी पूजन के साथ चैत्र नवरात्र की पूर्णाहुति

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** डेरनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र अनुष्ठान की आज पूर्णाहुति विधिवत रूप से संपन्न हुई। दोपहर 2 बजे अग्नि कुंड में अंतिम आहुतियां समर्पित कर पूर्णाहुति की गई। इसके पश्चात 21 कुंवारी कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया।नवरात्र के पहले दिन से ही प्रतिदिन नियमित रूप से गुरुवंदना, साधनादि पवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, गुरु आह्वान, गायत्री आवाहन, स्वस्तिवाचन आदि वैदिक विधियों से अनुष्ठान संपन्न होता रहा। अग्नि स्थापना के बाद गायत्री मंत्र से आहुतियां दी गईं। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने साधना में भाग लेते हुए प्रकृति, प्राणी और समस्त जगत के कल्याण हेतु आहुतियां अर्पित कीं।

पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कुंवारी पूजन के साथ पूजनोपरांत भोज का आयोजन किया गया। समस्त कर्मकांड सद्गुरु मुकेश ऋषि द्वारा संपन्न कराया गया।इस मौके पर मुकेश कुमार, सुनीता देवी, राजकुमारी देवी, इंदु देवी, रूपमणि देवी, धनमंती देवी, मंजू देवी, रानी देवी, रीता देवी, विगनी देवी, देवकली देवी, राकेश कुमार व सुबोध कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।श्रद्धालुओं ने मां गायत्री का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर माँ कालरात्रि मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर सोनपुर प्रखंड क्षेत्र क़े बाबा हरिहरनाथ सहित विभिन्न मंदिरों व सार्वजनिक जगहों पर भजन कीर्तन सहित भक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित कर रामजन्मोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया। कई स्थानों पर अखण्ड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ द्वारा शोहर की गूंज से क्षेत्र में भक्ति मय माहौल बना रहा। श्री राम के जन्मोत्सव क़े अवसर पर सोनपुर प्रखंड क़े अंतर्गत डुमरी बुजुर्ग माँ कालरात्रि मंदिर परिसर से शोभा यात्रा निकाली गयी। जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पूर्व दिशा की ओर नयागाव बजार, गोपालपुर, महदलीचक, होते हुए यह शोभा यात्रा में घोड़ा बैंड बाजा ढोल ताशा के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में बाइक पर युवक भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम का घोष करके उत्साह पूर्वक आगे बढ़ रहे थे। जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस भव्ययात्रा में भाजपा नेता डॉ पंकज कुमार सिंह, निशु सिंह, उदय सिंह ,कुंवर किशन, मुकेश सिंह,कामता सिंह,शुभम सिंह, मुकेश,विष्णु तिवारी,उदय सिंह,निरज कांत पाठक,संजीव सिंह, मंजीत सिंह, भानु प्रताप यादव व समस्त ग्रामीण सहित प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह,अभय सिंह,विनोद सम्राट व अन्य उपस्थित रहे।

## नवमी के दिन अंबिका भवानी के दरबार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को आमी स्थित मां अंबिका भवानी के दरबार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।नवमी के दिन रविवार को लाखो भक्तो ने माता के दरबार में हाजरी लगाते हुए मत्था टेका तथा अपने और अपने परिवार के लिए सुख शांति व अमन चैन की दुआ मांगी।मंदिर परिसर के कोने कोने तक श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ देखी गई।वही माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था।ज्यादा भीड़ होने की स्थिति में श्रद्धालु घंटो कतार में खड़े हो दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।वही स्थानीय प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने हेतु मंदिर के मुख्य मार्गो पर जगह जगह बैरेकेटिंग की गई थी।सभी वाहनों को मंदिर परिसर से पहले ही रोक दी जा रही थी।माता के दर्शन हेतु महिला तथा पुरुषो के लिए अलग अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गई थी।जिससे सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में प्रवेश तथा निकास में कोई दिक्कत ना हो।पूरे मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे से पल पल की निगरानी की जा रही थी।वही आपातकाल की स्थिति में दमकल तथा एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी।मौके पर दिघवारा थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा,अंचलाधिकारी मिठु प्रसाद, बीडीओ अमरनाथ, एसआई टिंकू कुमार,पिएसआई शैलेंद्र कुमार,लवली कुमारी,अमृता कुमारी आदि दलबल के साथ मुस्तैद दिखे।




## चतुरपुर में राम कथा के अन्तिम दिन भव्य गंगा महाआरती



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखण्ड के गोपालपुर चतुरपुर में नौ दिन से हो रहे राम कथा के अन्तिम दिन समिति के तरफ से भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमे नेपाल से आए प्राकान्ड पंडितो द्वारा गंगा आरती का अद्द्भुत प्रदर्शन किया गया ।इससे अयोधया के नारायण तिवारी जी राम कथा में राम केवट संवाद प्रसंग प्रस्तुत किया गया। जब वन जाते समय सरयुग पार कराने के लिए निशाद राज केवट से राम जी नदी पार कराने को कहते है तो केवट प्रभु श्री राम जी को प्रणाम करते हुए कहता है की मै आपको नदी पार तो करा दुगा मगर डरता हूँ की कही आपके पाव छुते ही हमारी नाव नारी ना बन जाए % केवट कहता है की हमने सुना है की किसी पत्थर को आपके पाँव छुने से वो नारी बन गयी थी। तो हे प्रभु हमपे दया करना अगर हमारी नाँव नारी बन जाएगी तो मै कैसे अपनी गृहस्ती सम्भालेंगे, प्रभु श्री राम मुस्काते हुए केवट को यह आशा देते है की ऐसा नही होगा हमें नही पार करा हों। तब केवट ने प्रभु को चरण गंगा के पानी से धोकर नाव पर बैठाते है। कथवाचक नारायणी तिवारी जी प्रतिदिन भक्तों को राम कथा बड़ी मधुर आवाज में सुनाई.वही गंगा आरती क़े उपरांत भंडारा हुआ जिसमे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य बृजेश सिंह, मृदुल चन्द्र सहित अन्य लोग भी सक्रिय रहे।

# अमनौर : राम जन्मोत्सव रामनवमी शोभायात्रा के मौके पर रामभक्तों ने बाइक रैली निकाली

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** रामनवमी को लेकर अमनौर में रामभक्तों ने दिखाई भक्ति और शक्ति का अनोखा संगम. रविवार को सुबह से ही विभिन्न हिन्दू संगठन व बजरंग दल के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बाईक पर सवार होकर अमनौर पहुंचे. जहां बैंड बाजा के साथ हाथों में पारंपरिक शस्त्र व भागवा रंग के झंडे लिए जय श्री राम का नारा लगाते हुए भव्य बाईक रैली निकाली. उक्त बाईक रैली अमनौर राम जन्मोत्सव रामनवमी शोभायात्रा कमिटी स्टेज स्थल के पास से चलकर भेल्दी, सोनहो ,गोसी अमनौर, परशुराम सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर अमनौर पहुंची. जहां से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई. जो पुरे अमनौर बाजार का परिभ्रमण कर वातावरण को श्री राम के नारों से गुंजायमान किया. रामनवमी की इस शोभायात्रा को लेकर अमनौर बाजार के सभी व्यवसायियों ने अपने-अपने दूकानें बंद कर राम भक्तों का साथ दिया. शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्तो ने लाल पीले वस्त्र धारण किए पारंपरिक शस्त्रों का प्रर्दशन करते हुए जय श्री राम के नारों के साथ आगे बढ़ रहे थे. वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीओ राजीव कुमार सिन्हा, पुलिस पदाधिकार सहित दर्जनों पुलिस के जवान डटे रहे. वहीं शोभायात्रा के दौरान कई झांकियां भी निकाली गई. इस दौरान व्यवसायियों व कई संगठन के माध्यम से शोभायात्रा यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तो के लिए जगह-जगह शीतल पेय, खीर, शर्बत, फल की व्यवस्था की गई थी. वहीं दूसरी ओर शेखपुरा ,लखना, पहाड़पुर गांव से भी राम भक्तों ने भव्य बाईक रैली के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. इधर इसको लेकर कर्पूरी ठाकुर आदमकद प्रतिमा स्थल के एक सभा का आयोजन किया गया था. जहां स्थानीय विधायक व बिहार सरकार के मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह ने संबंधित करते हुए कहा कि प्रभु राम का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है. प्रधानमंत्री नरेंद मोदी का मंत्र सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के साथ केंद्र तथा राज्य की सरकार काम कर रही है. इस मौके पर कमिटी के लोगों ने मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेट कर उनका स्वागत किया. इस मौके पर मुख्य रूप से कमिटी के अध्यक्ष अरविन्द कुशवाहा, सचिव दिलीप कुमार, संजीव कुमार कुशवाहा, शान्तनु कुमार सिंह, जिप प्रतिनिधि पप्पू सिंह, जन सुराज नेता कुलदीप महासेठ, मुखिया प्रतिनिधि राजीव सिंह, दीपक कुमार , मनन सिंह, रजनीश कुमार , राहुल कुमार, रवि कुमार, सोनाल गुप्ता, कल्याण गुप्ता, पवन कुमार, लोजपा नेता टुन्ना सिंह, मयंक कुमार सिंह, शत्रुध्न सहनी, रंजीत कुमार, दिनेश साह आदि सैकड़ों लोग शामिल थे. मंच का संचालन शिक्षक।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के कपिया में संजय सिंह राजपूत के आवास पर रविवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल ने कहा कि आज बहुत खुशी का पल है कि भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत का विश्व में एक अलग पहचान है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो किसी से भेदभाव नहीं रखती। वह सबके दिलों में रहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम प्रत्येक गांव-गांव जाकर प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा की नीति से अवगत कराने का संकल्प लें। इस अवसर पर भाजपा नेता मनीष सिंह, डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, अजय कुमार सिंह, राहुल सिंह, अरविंद सिंह, शैलु यादव आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## नवनिर्मित छठघाट का प्रमुख ने किया उद्घाटन

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के भवराजपुर गांव में नवनिर्मित छठघाट का उद्घाटन रविवार को प्रखंड प्रमुख राधा देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रमुख ने बताया कि 15वीं वित्त आयोग योजना के तहत 7.50 लाख रुपये की लागत से छठघाट का निर्माण कराया गया है। छठघाट निर्माण हो जाने से छठपूजा करने में लोगों को सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि आंदर प्रखंड क्षेत्र में प्रमुख द्वारा लगातार नाला, चारदीवारी, पेवर ब्लाक, पीसीसी सड़क, छठघाट, कब्रिस्तान समेत आदि विकास कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रमुख को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि पवन कुमार यादव, बीडीसी हरिंदर साह, दिनेश साह, नजबुल्लाह अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अगलगी में दो लाख की संपत्ति जली, चार बकरियां जली

**आंदर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भरटोलिया गांव में रविवार को विद्युत शार्ट सक्रिट से निकली चिंगारी से एक घर में आग लग गई। इस दौरान घर में बंधी चार बकरियां जल मरी जबकि एक मवेशी झुलस गया जिसका इलाज चल रहा है। वहीं घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, कागजात समेत करीब दो लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## आग लगने से तीन घर जलकर राख, मची अफरातफरी

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के सिसवन गांव में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक ही परिवार को तीन लोगों के घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ितों में लक्ष्मण चौधरी, देवनारायण चौधरी एवं नारद चौधरी शामिल हैं।बताया जाता है कि सिसवन गांव में अकड़वा घाट बस्ती में शाम करीब सात बजे अचानक घर में आग लग गई। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते लक्ष्मण चौधरी, देवनारायण चौधरी एवं नारद चौधरी के घर को अपने आगोश में लिया। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। अगलगी की घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते सब कुछ जलकर राख हो चुका था। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस अगलगी में घर में रखे अनाज, कपड़ा, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवार के लोगों ने इसकी सूचना सिसवन थाना एवं सीओ को दी है।

## मां गढ़ देवी राजकीय मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में रात भर कलाकारों ने समां बांधा

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के बलिया गढ़ देवी राजकीय मेला महोत्सव में शनिवार की शाम कला सांस्कृतिक विभाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कलाकारों ने पूरी रात समां बांध दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय, विधायक देवेशकांत सिंह, कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, एसपी नीरज कुमार सिंह, पूर्व विधायक हेमनारायण साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत करमवीर सिंह एवं समूह ने नृत्य नाटिका से किया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रियवंदा एवं समूह ने समूह नृत्य कर दर्शकों को खूब झुमाया, वहीं आलोक पांडेय, पूजा चटर्जी एवं म्युजिकल टीम ने एक से एक भाव नृत्य पेश कर दर्शकों को झुमाया। वहीं रितेश पांडेय ने अपनी वाणी से लोगों मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जिला प्रशासन ने कलाकारों को चुनरी, मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मनोज पांडेय, मुखिया पति मुन्ना मांझी, डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, अजय कुमार सिंह, रीशु पांडेय, डब्ल्यू सिंह, एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, शिक्षक हरेंद्र कुमार, नागेंद्र पांडेय आदि उपस्थित थे।

## अक्सर नाक से खून आना किसी गंभीर बीमारी के संकेत-डा. प्रदीप कुमार

**दैनिक खोज खबर/सिवान ¬** चिलचिलाती गर्मी और तेज धूप में अक्सर नाक से खून आने की समस्या होती है। अगर इसको लेकर लापरवाही की जाती है तो यह गंभीर भी हो सकता है। छोटे बच्चों में यह परेशानी ज्यादा होती है। हालांकि, यह परेशानी वयस्कों के साथ भी हो सकती है। गर्मियों में नाक से खून आने की समस्या से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए शहर के मार्क हास्पिटल में ईएनटी विशेषज्ञ डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि गर्मी के कारण नाक में खुजली होता है और लोग नाक को रगड़ देते हैं या नाखून लगा देते हैं जिसकी वजह से नाक में मौजूद छोटी ब्लड कैपिलरीज फट जाती हैं और खून आने लगता है। नाक से खून आना नकसीर कहलाता है, इसके कई कारण हो सकते हैं नाक में एलर्जी, अंदरूनी ब्लड वेसल्स के डैमेज होने, ज्यादा गर्मी, पोषक तत्वों की कमी, साइनस जैसी कई वजह से ये समस्या हो सकती है। साइनोसाइटिस की समस्या की चपेट में रहने वालों में भी यह समस्या देखी जाती है। नाक से खून आने पर सबसे पहले अपने सिर को हल्का-सा ऊपर की तरफ रखें और सीधे बैठ जाएं, ताकि ज्यादा ब्लीडिंग न हो। नाक से खून आना कोई चिंता की बात नहीं है, लेकिन अगर आपके नाक से अक्सर खून आता रहता है तो यह किसी गंभीर बीमारी के संकेत भी हो सकते हैं। आप तुरंत किसी विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लें।

## सम्राट अशोक जन्मोत्सव समारोह में सिवान की बेटी के अभिभाषण की खूब हुई चर्चा

**सिवान ¬**पटना के कृष्ण मेमोरियल हाल में शनिवार को आयोजित सम्राट अशोक महान जन्मोत्सव समारोह में सिवान की बेटी डा. नम्रता सिंह ने अपने संबोधन से हजारों लोगों को प्रभावित किया। सम्राट अशोक क्लब द्वारा आयोजित सम्राट अशोक के जन्मोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे। कार्यक्रम में मैरवा निवासी व्यवसायी व समाजसेवी वीरेंद्र सिंह की पुत्री व एनआइटी पटना की फैकल्टी डा. नम्रता सिंह को उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल होने का अवसर मिला। डा. नम्रता ने सम्राट अशोक के संदर्भ में अपने वक्तव्य से मुख्यमंत्री के अलावा अन्य देशों के अतिथियों और उपस्थित हजारों की संख्या में गणमान्य लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। समारोह में जिले की इस होनहार बेटी के अभिभाषण की खूब चर्चा रही। इस जन्मोत्सव समारोह में मुख्य रूप से पूज्य भंते पी शिवली महाथेरो श्रीलंका, जून सेई तेरासाना वैश्विक धम्मगुरु जापान, डा. केशव मान शाक्य पूर्व केंद्रीय मंत्री नेपाल, संघरत्न शाक्र काठमांडू नेपाल, जयपाल सिंह मुख्य ग्रंथि गुरुद्वारा पटना, मो. इरशाद उल्लाह अध्यक्ष बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, फादर डा. सुसई लारेंस सहित सभी धर्मों के प्रतिनिधि शामिल थे। इधर जिले के गणमान्य लोग भी डा. नम्रता के प्रतिभा पर गौरवांवित हैं और उनके पिता समाजसेवी वीरेंद्र सिंह को बधाई दे रहे हैं।

## बैठक में डा. आंबेडकर का जन्म दिवस मनाने की तैयारी पर चर्चा

भगवानपुर हाट (सिवान)। प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस हाईस्कूल में सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर राम की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस समारोह पूर्वक मनाने की तैयारी पर चर्चा की गई। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम कराने की भी बात कही गई।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा ग्रामीण क्षेत्र, शोभा यात्रा में झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

## सुरक्षा की दृष्टिकोण से चप्पे-चप्पे रही पुलिस रही तैनात

**दैनिक खोज खबर/सिवान ।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में रविवार को रामनवमी के अवसर पर हाथी-घोड़ व बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। पूरा वातावरण राममय हो गया था। इसके अलावा पूरा इलाका केसरिया झंडे से पटा रहा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था कि गए गए थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शोभा अपने निर्धारित रूट से होकर गुजरी।भगवानपुर हाट प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी को शोभायात्रा व झांकी निकाली गई। इस अवसर पर युवकों ने अपने सिर पर भगवा गमछा व पगड़ी बांध जय श्रीराम के नारे लगाते हुए बाइक रैली निकाली। क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, बाजारों व गांवों में रामनवमी को लेकर भगवा झंडा लहराता दिखाई दिया। शोभायात्रा में कई जगहों पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी की आकर्षक झांकी निकाली गई। भगवानपुर मुख्यालय बाजार में मनोकामना दुर्गा मंदिर के पास जुलूस का भव्य रूप से स्वागत किया गया। यह जुलूस रामपुर गांव से चलकर एनएच 331 से बैंक मोड़, थाना मोड़, प्रखंड कार्यालय मोड़ होते हुए दुर्गा मंदिर व चांदनी चौक , चक्रवृद्धि मोड़, पुरानी बाजार होते हुए विभिन्न स्थानों से गुजरी। शांति



व्यवस्था को ले बीडीओ कुमार विशाल एवं थानाध्यक्ष लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। मुख्यालय बाजार में दंडाधिकारी राजस्व अधिकारी निवेदिता त्रिपाठी, एमओ रवि कुमार, पुलिस पदाधिकारी अनिरुद्ध सिंह व पुलिस बल, माघर में सीओ धीरज कुमार पांडेय एवं प्रशिक्षु एसआई छपित कुमार चौबे, नगवां में एएसआइ राजेश चौहान आदि तैनात थे। जुलूस का नेतृत्व मुन्ना गुप्ता, सुनील ठाकुर, काली चरण प्रजापति, सुजीत कुमार पांडेय आदि कर रहे थे।महाराजगंज शहर में श्रीराम सेवा समिति द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नखास चौक स्थित सती मां मंदिर से निकलकर कर्पूरी पथ बाईपास, पसनौली, मुख्य पथ, नया बाजार, काजी बाजार, राजेंद्र चौक, पुरानी बाजार होते हुए नया बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंच संपन्न हो गई। जुलूस में हाथी, घोड़ा, ऊंट, डंका, बैंड बाजा शोभा बढ़ा रहे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता कृष्णा सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शहीद स्मारक के समक्ष श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था किए थे। वहीं विधि-व्यवस्था को ले प्रत्येक चौक- चौराहे पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस मौके पर एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, ईओ हरिश्चंद्र पूरे शहर में गश्त लगाते रहेगोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित रामजानकी मंदिर से स्थानीय भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह के नेतृत्व में रामनवमी को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा प्रखंड मुख्यालय के अलावा धानुक टोली, मिर्जापुर आदि गांवों का भ्रमण की। इस मौके पर रामानुज सिंह, अंकज कुमार सिंह आदि मौजूद थे। इसके बाद विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नबीगंज व बसंतपुर प्रखंड में पहुंच निकली शोभायात्रा में भाग लिया। बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय के रामजानकी मंदिर परिसर में कोड़र, बरवां, बनसोहीं, मठिया विशुनपुरा आदि गांवों से शोभायात्रा पहुंची। फिर पुरानी बाजार होते हुए सिपाह, शांति मोड़, यादव मोड़, बसंतपुर गांव के रास्ते वापस रामजानकी मंदिर पहुंच संपन्न हो गई। इसमें भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भगवान शिव-पार्वती की झांकियां आकर्षण कोांद्र रही। इस दौरान हो रहे जय श्रीराम के जयघोष से क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। प्रशासन भी इस दौरान तत्पर दिखी। आंदर प्रखंड मुख्यालय समेत पतार बाजार व जमालपुर में रामनवमी पर्व के अवसर पर हाथी-घोड़े व बैंड गाजे बाजे के साथ श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सीओ नीलम कुमारी, थानाध्यक्ष पप्पन कुमार, थानाध्यक्ष राजशेखर समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं सिसवन प्रखंड मुख्यालय समेत कचनार आदि गांवों में शोभा यात्रा निकाली गई। दारौंदा एवं बगौरा में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों युवाओं ने भगवा ध्वज लेकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में सामाजिक संगठनों द्वारा फल, शरबत और जलपान की व्यवस्था की किए गए थे। बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, थानाध्यक्ष छोटन कुमार एवं सीओ पूनम दीक्षित स्वयं मौके पर उपस्थित होकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए थे।

## स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य थीम पर जिले में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस

**सिवान।** वर्तमान समय में मानव जीवन पर कई प्रकार की बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इसमें मुख्य रूप से संक्रामक तथा गैर संक्रामक रोगों सहित वेक्टर जनित रोग भी शामिल हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि आमलोगों की जीवनशैली में तेजी से हो रहे बदलाव, पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी को बड़े पैमाने पर हो रहे नुकसान के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी जन्म ले रही हैं। इसमें मुख्य रुप से हृदय रोग, मधुमेह, यक्ष्मा, डेंगू, चिकनगुनिया सहित कई प्रकार की बीमारियां एक आम इंसान के पूरे जीवनकाल को प्रभावित कर रही हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य थीम के इस अभियान के तहत रोके जा सकने वाली मातृ एवं नवजात मृत्यु को काफी हद तक कम करने के लिए प्रयास तेज किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए हम सभी को कटिबद्ध होना चाहिए। क्योंकि माताओं और शिशुओं का स्वास्थ्य स्वस्थ परिवारों और समुदायों की नींव है, जो हम सभी के लिए आशापूर्ण भविष्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार रवि रंजन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और कर्मियों को कचरा प्रबंधन का पूरा ख्याल रखना चाहिए। साथ ही पहले से बना हुआ खाना के इस्तेमाल को कम कर स्थानीय स्तर पर तैयार खाद्य पदार्थों का उपयोग को बढ़ाने में मदद करने की आवश्यकता है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम विशाल कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरे विश्व की महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के बाद के पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होना चाहिए।

## गढ़ देवी महोत्सव में आलोक पांडेय गोपाल की प्रस्तुति रही शानदार

**महाराजगंज (सिवान)¬** माता गढ़ देवी के पावन धाम बलिया पोखरा में आयोजित चैत्र नवमी महोत्सव इसबार कुछ खास ही रहा। इसमें सुप्रसिद्ध लोकगायक आलोक पांडेय %गोपाल% की जबरदस्त प्रस्तुति पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए थे। आलोक पांडेय जैसे ही मंच पर पहुंचे, इस दौरान पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कानून मंत्री मंगल पांडेय, विधायक कर्णजीत सिंह, विधायक देवेश कांत सिंह, विधान पार्षद सर्वेश सिंह, सिवान को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज सिंह सहित कई बड़े नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। सबने आलोक पांडेय की गायकी का लुत्फ उठाया और खुद भी झूम उठे। जैसे ही आलोक पांडेय ने ÷बम बम बोल रहा है काशी÷ शुरू किया, पूरा माहौल ÷हर हर महादेव÷ के नारों से गूंज गया। फिर उन्होंने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत जैसे ÷निमिया के डार मैया÷, ÷जगदंबा घर में दियरा÷, ÷लाले लाले चुनरी शोभे÷, ÷राजा बाबू÷, ÷सोहर÷, ÷बधाई÷, ÷चैती÷ और अपना फेमस गाना ÷केहू केतनो दुलारी बाकिर माई ना हुई÷ गाकर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के बाद आलोक पांडेय को मंच पर बुलाकर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। सभी नेताओं ने खुले दिल से उनके गायकी की प्रशंसा की। आलोक पांडेय ने बताया कि उन्हें अयोध्या में रामनवमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर अयोध्या नगरी में सोहर-बधाई गाना मेरे लिए गर्व की बात है। ज्ञात हो कि आलोक पांडेय जिले के बंगरा उज्जैन के रहने वाले हैं। वे बनारस में रहकर संगीत की साधना कर रहे हैं और वर्तमान समय में भोजपुरी लोकगायन के उभरते हुए सितारों में से एक हैं।

## रामनवमी जुलूस में दिखी गंगा जमुनी संस्कृति

**मैरवा (सिवान) ¬**रामनवमी के अवसर पर मैरवा में जुलूस सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे खूब लगाए। इस जय घोष से चप्पा चप्पा गूंजायमान हो उठा। रामनवमी जुलूस में गंगा जमुना संस्कृति की झलक खूब दिखाई दी। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समुदाय के लोगों ने मिलकर इस उत्सव को मनाया। सभी धर्म के लोग रामनवमी जुलूस में शामिल होकर भारत की प्राचीन संस्कृति और भाईचारे की मिसाल पेश की। रामनवमी जुलूस रामजानकी मंदिर से शुरू होकर नई बाजार, पुरानी बाजार, मझौली रोड, मेन रोड से होकर गुठनी मोड़ होते हुए मैरवा धाम पहुंची। हाथों में धार्मिक ध्वज लिए लोग जय श्री राम का जय घोष के साथ धीरे-धीरे निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते रहे। रास्ते में मिलने वाले विभिन्न धर्मों के लोग एक दूसरे को गले मिलकर रामनवमी की बधाई देते देखे गए। रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए विभिन्न चौक- चौराहा पर पुलिस तैनात की गई थी। वहीं जुलूस के साथ भी एसडीपीओ और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस कदम से कदम मिलाकर चल रही थी। वही पुलिस की पैनी नजर हर गतिविधि पर थी।

## मां गढ़ देवी मंदिर में स्वास्थ्य मंत्री ने सपरिवार की पूजा अर्चना

**महाराजगंज (सिवान)।** रामनवमी के अवसर पर मां गढ़ देवी मंदिर में रविवार की सुबह सूबे के स्वास्थ्य सह विधि मंत्री बलिया निवासी मंगल पांडेय ने सपरिवार पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पुजारी ने पूजा अर्चना के बाद मंत्री, उनकी पत्नी एवं भाई सहित अन्य परिवार के सदस्यों को चुनरी तथा प्रसाद भेंट की। इस मौके पर पूजा के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मेला में विधि व्यवस्था को ले मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस बल तैनात थी।

## धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

**सिवान।** शहर के चांप स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी द्वारा झंडोतोलन किया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों के लिए यह बहुत ही गौरवशाली पल है। कहा कि भाजपा एक विचार की पार्टी है और आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एक तरफ जहां पूरा देश रामनवमी का पर्व मना रहा है तो दूसरी तरफ हमसभी पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, सेवा ही संगठन के मंत्र पर सदैव अग्रसर रहने वाले जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शुभकामना और बधाई दी गई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व विधान पार्षद सह को-आपरेटिव बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय आदि ने संयुक्त रुप से कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं, बल्कि जनसेवा का एक आंदोलन बन गया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा, रामपुकार चौहान, जिला उपाध्यक्ष शर्मा नंद राम, अनुराधा गुप्ता, मुकेश कुमार बंटी, धनंजय सिंह, पूनम गिरि आदि उपस्थित थीं।

## रामनवमी जुलूस में दिखी गंगा जमुनी संस्कृति

**मैरवा (सिवान)।** रामनवमी के अवसर पर मैरवा में जुलूस सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे खूब लगाए। इस जय घोष से चप्पा चप्पा गूंजायमान हो उठा। रामनवमी जुलूस में गंगा जमुना संस्कृति की झलक खूब दिखाई दी। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समुदाय के लोगों ने मिलकर इस उत्सव को मनाया। सभी धर्म के लोग रामनवमी जुलूस में शामिल होकर भारत की प्राचीन संस्कृति और भाईचारे की मिसाल पेश की। रामनवमी जुलूस रामजानकी मंदिर से शुरू होकर नई बाजार, पुरानी बाजार, मझौली रोड, मेन रोड से होकर गुठनी मोड़ होते हुए मैरवा धाम पहुंची। हाथों में धार्मिक ध्वज लिए लोग जय श्री राम का जय घोष के साथ धीरे-धीरे निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते रहे। रास्ते में मिलने वाले विभिन्न धर्मों के लोग एक दूसरे को गले मिलकर रामनवमी की बधाई देते देखे गए। रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए विभिन्न चौक- चौराहा पर पुलिस तैनात की गई थी। वहीं जुलूस के साथ भी एसडीपीओ और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस कदम से कदम मिलाकर चल रही थी। वही पुलिस की पैनी नजर हर गतिविधि पर थी।

## अपराध की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म पांच स्थित झाड़ी से शनिवार को जीआरपी ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बन रहे थे। मामले में जीआरपी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पदाधिकारी और जवानों द्वारा जंक्शन पर निगरानी की जा रही थी। तभी सूचना मिली कि जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच के दक्षिण ओर झाड़ी में चार से पांच की संख्या में बदमाश बैठकर अपराध की योजना बना रहे है। इसके बाद उक्त स्थान की घेराबंदी की गई। वहीं पुलिस टीम को अपनी तरफ आते देख सभी भागने लगे। जिसे बल की सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े जाने के बाद सभी से भागने का कारण पूछा गया तो वे लोग संतोषजनक जबाब नहीं दे पाए। गिरफ्तार युवकों में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सूरापुर निवासी मुकेश कुमार चौधरी, छपरा जिले के माझी थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी चंदन साह, नया गांव निवासी विकास कुमार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के श्याम चौक निवासी दीपक कुमार और गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के काला बिशनपुरा निवासी प्रकाश पासवान शामिल हैं। इस दौरान उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उनके पास से चोरी की मोबाइल, स्टील का चाकू व ब्लेड बरामद किया गया। वहीं पूछताछ के दौरान उनलोगों ने बताया कि हमलोग एकांत में झाड़ी में बैठकर चोरी की योजना बना रहे थे। योजना बनाकर ट्रेन के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। ताकि यात्रियों से मोबाइल एवं अन्य सामानों की चोरी कर सकें।

## आग लगने से तीन घर जलकर राख, मची अफरातफरी

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के सिसवन गांव में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक ही परिवार को तीन लोगों के घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ितों में लक्ष्मण चौधरी, देवनारायण चौधरी एवं नारद चौधरी शामिल हैं। बताया जाता है कि सिसवन गांव में अकड़वा घाट बस्ती में शाम करीब सात बजे अचानक घर में आग लग गई। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते लक्ष्मण चौधरी, देवनारायण चौधरी एवं नारद चौधरी के घर को अपने आगोश में लिया। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। अगलगी की घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते सब कुछ जलकर राख हो चुका था। समाचार प्रेषण तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस अगलगी में घर में रखे अनाज, कपड़ा, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवार के लोगों ने इसकी सूचना सिसवन थाना एवं सीओ को दी है।

## भैंस चोरी मामले में पिकअप सहित दो गिरफ्तार, जेल

**तरवारा (सिवान) ¬**जीबी नगर थाना क्षेत्र के चौकी हसन सलारगंज बाजार से दो अप्रैल की देर रात चार की संख्या में आए अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे पर बंधी दो भैंस की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने पिकअप सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हैं कि सलारगंज बाजार निवासी राजदेव यादव के पुत्र गुड्डू कुमार ने थाना में आवेदन देकर चोरी गई भैंस की बरामदगी गुहार लगाई थी। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक पिकअप सहित दो चोर को महराजगंज थाना क्षेत्र के पसनौली गांव से गिरफ्तार कर लिया, जिसे पूछताछ के बाद पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल

**मैरवा(सिवान)।** मैरवा-गुठनी मार्ग पर स्थित बभनौली पेट्रोल पंप के समीप रविवार को एक स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलटते हुए क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक घायल हो गया। बताया जाता है कि ई-रिक्शा पर चालक के अलावा कोई सवारी नहीं था, जबकि स्कार्पियो में चालक समेत चार लोग सवार थे। घायल ई-रिक्तशा चालक का इलाज एक निजी अस्पताल में कराया गया, जबकि स्कार्पियो में सवार लोग सभी सुरक्षित बताए जाते हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

## दुकान का शटर तोड़ नकद समेत लाखों के सामान की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के समीप शनिवार की देर रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ नगद सहित लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब दुकान मालिक प्रीतम कुमार प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था। हालांकि इसकी जानकारी उन्होंने आस-पास के दुकानदारों को दी। दुकान मालिक ने बताया कि शहर में रामनवमी की शोभा यात्रा के कारण सोमवार को थाना में आवेदन देंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की शाम वे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। रविवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था। इसके बाद जब दुकान के अंदर प्रवेश किया तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोरों ने 16 हजार नकद सहित चांदी का सिक्का व अन्य सामानों की चोरी की है। इसमें 25-25 हजार का हार भी शामिल है।

**स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल- मैरवा(सिवान) ¬**मैरवा-गुठनी मार्ग पर स्थित बभनौली पेट्रोल पंप के समीप रविवार को एक स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलटते हुए क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक घायल हो गया। बताया जाता है कि ई-रिक्शा पर चालक के अलावा कोई सवारी नहीं था, जबकि स्कार्पियो में चालक समेत चार लोग सवार थे। घायल ई-रिक्तशा चालक का इलाज एक निजी अस्पताल में कराया गया, जबकि स्कार्पियो में सवार लोग सभी सुरक्षित बताए जाते हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

## वर्चस्व को लेकर की फायरिंग

**नौतन ( सिवान)¬**थाना क्षेत्र के नौतन बाजार में रविवार की दोपहर नर्तकी के विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा फायरिंग की गई। मामला नर्तकी को कब्जा में लेने का है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने बताया कि आरोपित शराब का कारोबार करता है और आर्केस्ट्रा में डांस करने वाली नर्तकी को अपने कब्जा में लेना चाहता है। इसको लेकर दूसरे पक्ष द्वारा विरोध करने पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक गोली तथा एक खोखा बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## महिला के आवेदन पर तीन के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान) ¬** थाना क्षेत्र के बलहा एराजी निवासी ओमप्रकाश राय की पत्नी बबीता देवी ने शनिवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। इसमें उन्होंने अपने पड़ोसी मंजय कुमार,सीताराम राय और प्रभावती देवी पर शराब के नशे में होकर गाली गलौज तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है।